## खबर संक्षेप

### डॉ कफील खान बर्खास्त दुर्भावना से प्रेरित : प्रियंका



**लखनऊ।** गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कालेज में आक्सीजन की कमी के कारण हुई बच्चों की मौत के मामले में आरोपित डॉ कफील खान को बर्खास्त कर दिया गया है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ कफील को अगस्त 2017 में आक्सीजन की कमी से कई बच्चों की मौत के मामले में निलंबित किया गया था। इस बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने डॉ कफील की बर्खास्तगी को दुर्भावना से प्रेरित बताया है।

### बंगाली अभिनेत्री श्राबंती चटर्जी ने छोड़ी भाजपा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होने वाली अभिनेत्री श्राबंती चटर्जी ने बृहस्पतिवार को पार्टी छोड़ दी। वह राज्य विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के दिग्गज उम्मीदवार पार्थ चटर्जी के खिलाफ मैदान में उतरी थीं, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।


# फ्रांस में कोरोना की पांचवीं लहर सुनामी से भी ज्यादा खतरनाक

**फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्री ओलिवियर वेरन बोले**

एजेंसी ▶▶| पेरिस

कोरोना का कहर जारी है। फ्रांस में कोरोना वायरस की पांचवी लहर आ गई है। फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्री ने एक बयान में कहा है कि देश में कोरोना महामारी की पांचवीं लहर की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले हमारे पड़ोसी देश में भी पांचवीं लहर आ चुकी है। पूरी दुनिया ने कोरोना के कारण अपनों को खोया है। कई देशों में कोरोना की रफ्तार पर नियंत्रण पाने के लिए वैक्सीनेशन भी तेजी से चल रहा है। लेकिन महामारी का खतरा अभी टला नहीं है। फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्री ओलिवियर वेरन ने फ्रांस के स्थानीय मीडिया से कहा कि हमें देश में कोरोना महामारी के पांचवीं लहर के शुरुआत जैसी स्थिति दिख रही है।

फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्री ओलिवियर वेरन के मुताबिक, पांचवीं लहर पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। ओलिवियर वेरन ने कहा है कि पांचवीं लहर से बचने का एकमात्र उपाय यह है कि हम लगातार कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते रहें। हमारे पड़ोसी देशों में यह लहर पहले ही आ चुकी है।



### कोरोना की दोहरी मार ज्यादा खतरनाक

गौरतलब है कि लगभर हर देश में कोरोना की दूसरी लहर पहली लहर के मुकाबले ज्यादा खतरनाक साबित हुई है। चाहे वह भारत हो या कोई और देश। इस साल के शुरुआत में कोरोना वायरस की लहर से सबसे ज्यादा यूरोपियन देश प्रभावित हुए हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम, इटली, नीदरलैंड्स, स्पेन और स्वीडन में कोरोना कीने ज्यादा तबाही मचाई थी। इतना ही नहीं अमेरिका में भी पिछले साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच आई कोरोना की दूसरी लहर ने लाखों लोगों का जीवन छीन लिया था।

### अक्टूबर से बढ़ रहे मामले

फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश में कोरोना संक्रमण के मामले अक्टूबर के बीच से लगातार बढ़ रहे हैं। ओलिवियर के मुताबिक ज्यादा वैक्सीनेशन, मास्क और स्वच्छता उपायों के साथ ही देश पांचवीं लहर का सामना मजबूती के साथ कर सकता है। ओलिवियर ने उम्मीद जताई कि ऐसा भी संभव है कि हम इस महामारी को पूरी तरह से हरा दें। फ्रांस में अब तक कोरोना संक्रमण की वजह से 73.46 लाख से ज्यादा कोरोना केस दर्ज किए जा चुके हैं। कोरोना की वजह से फ्रांस में 1.19 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

### बीजिंग में कोरोना कई मॉल सील

चीन में कोरोना महामारी के आउटब्रेक के मद्देनजर प्रशासन ने अब सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। राजधानी बीजिंग में प्रशासन ने कई मॉल और हाउसिंग कॉम्प्लेक्स को सील कर दिया है। लोगों को अकारण बाहर न घूमने की ताकीद कर दी गई है। दरअसल बीते साल कोरोना महामारी के पहले आउटब्रेक के बाद से ही चीन सख्त नियमों का सहारा लेता रहा है। दुनिया के सबसे सख्त लॉकडाउन चीन में ही लगाए गए हैं।

### 3 साल से अधिक उम्र के बच्चों में कोरोना वैक्सीनेशन

इस बीच चीन में भी अब तीन साल से अधिक उम्र के बच्चों को कोविड-19 के टीके लगाए जाएंगे। चीन में लगभग 76 प्रतिशत आबादी का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है और सरकार कोविड के बढ़ते मामलों पर काबू के लिए विभिन्न सख्त कदम उठा रही है। हाल के दिनों में कम से कम पांच प्रांतों में स्थानीय और प्रांतीय स्तर की सरकारों ने नोटिस जारी कर घोषणा की थी कि तीन से 11 वर्ष तक के बच्चों को टीके लगाने की आवश्यकता होगी।

# भारत को 'असली आजादी' 2014 में मिली,1947 में मिली स्वतंत्रता 'भीख' थी

## कंगना के बयान पर छिड़ा विवाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अभिनेत्री कंगना रनौत ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि भारत को 'असली आजादी' 2014 में मिली, जब नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई, वहीं 1947 में देश को जो स्वतंत्रता मिली थी वह 'भीख' में मिली थी। पहले भी विवादास्पद बयान देती रहीं कंगना अपने नए बयान से एक बार फिर विवाद में पड़ गई हैं और भाजपा सांसद वरुण गांधी समेत कई नेताओं, सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं एवं अन्य लोगों ने बुधवार शाम को एक कार्यक्रम में दिए गए अभिनेत्री के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी ने अपने ट्विटर हैंडल पर रनौत के बयान वाला वीडियो क्लिप भी साझा किया। 24 सेकंड के इस क्लिप में रनौत को कहते सुना जा सकता है, '1947 में आजादी नहीं, बल्कि भीख मिली थी और जो आजादी मिली है वह 2014 में मिली।' वह एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में बोल रही थीं जिसमें उनकी बात पर कुछ श्रोताओं को ताली बजाते भी सुना जा सकता है।

### यह राष्ट्र विरोधी कृत्य

वरुण ने कहा, 'यह राष्ट्र-विरोधी कृत्य है और इसे यही कहा जाना चाहिए। इसे ऐसा नहीं कहना उन लोगों के साथ विश्वासघात होगा जिन्होंने अपना खून बहाया और आज हम एक देश के रूप में तनकर और आजाद खड़े हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोग कभी हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के असंख्य बलिदानों को नहीं भूल सकते जिसमें लाखों लोगों की जान गई और कई परिवार तबाह हो गए।

## कोरोना के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में, ढील न बरतें: मांडविया



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में है और इस महामारी के पूरी तरह खत्म होने से पहले सुरक्षा उपायों को कम नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने राज्यों से टीकाकरण का दायरा बढ़ाने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि सभी वयस्कों को 'हर घर दस्तक' अभियान के दौरान कोविड टीके की पहली खुराक मिले।

## 'हत्या की खबरों' के एक दिन बाद राष्ट्रीय चैंपियन बनी निशा दहिया



**गोंडा।** गलत पहचान के कारण 'हत्या की नाटकीय कहानी' के कारण चर्चा में रही निशा दहिया गुरुवार को यहां राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 65 किग्रा में राष्ट्रीय चैंपियन बनी। विश्व अंडर-23 चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता निशा का प्रदर्शन इतना शानदार था कि उन्होंने फाइनल में पंजाब की अपनी प्रतिद्वंद्वी जसप्रीत कौर को केवल 30 सेकेंड में चित कर दिया। रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाली 23 वर्षीय निशा को खिताब हासिल करने तक केवल सेमीफाइनल में हरियाणा की प्रियंका से ही थोड़ी चुनौती मिली।

fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
विश्वास वर्द्धक, सुरक्षा आश्वस्त व पोषक खाद्य
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

**भर्ती सूचना- निदे.-03/2021**
(भर्ती प्रक्रिया को रद्द करना)

यह सूचित किया जाता है कि सहायक निदेशक, सहायक निदेशक (तकनीकी) और उप प्रबंधक के पदों को भरने के लिए भर्ती सूचना संख्या निदे.-03/2021 दिनांक 30.09.2021 को प्रशासनिक कारणों से रद्द किया जाता है। उम्मीदवारों द्वारा भुगतान किया गया आवेदन शुल्क नियत समय में भुगतान के मूल तरीके से वापस कर दिया जाएगा।

निदेशक (भर्ती)

डीएव्हीपी 17163/11/0009/2122

**फार्म जी**
**रूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**
भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉरपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया), विनियमन, 2016 के विनियम 36ए(1) अंतर्गत

**केएसके महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड हेतु इच्छुक समाधान आवेदकों के ध्यानाकर्षण हेतु**

| संदर्भित विवरण | | |
|---|---|---|
| 1. | निगमित ऋणधारक का नाम | केएसके महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड |
| 2. | निगमित ऋणी के निगमित होने की तिथि | 18 जून 2009 |
| 3. | अधिकरण जिसके अंतर्गत निगमित ऋणी निगमित/पंजीकृत है | कंपनी पंजीयक, हैदराबाद |
| 4. | निगमित ऋणी की निगम पहचान संख्या /मयार्दित देनदारी पहचान संख्या | U40300TG2009PLC064062 |
| 5. | निगमित ऋणी के पंजीकृत कार्यालय व प्रधान कार्यालय (यदि कोई है) का पता | पंजीकृत कार्यालय: 8-2-293/82/ए/431 /ए मार्ग सं. 22, जुबिली हिल्स, हैदराबाद, तेलंगाना 500033 इं. |
| 6. | निगमित ऋणी के दिवालिया होने की प्रारंभ तिथि | 03 अक्टूबर 2021 |
| 7. | रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण की तिथि | 08 जनवरी 2020, 24 जनवरी 2020, 24 फरवरी 2020, 16 मार्च 2020, 31 मार्च 2020/1, अप्रैल 2020, 30 अप्रैल 2020, 1 जून 2020 एवं 24 जून 2020 और संशोधित एवं पुन: नया जारी 12 नवम्बर 2021 रूचि की अभिव्यक्ति का विस्तृत आमंत्रण उपलब्ध http://www.ksk.co.in/kmpclपर |
| 8. | कोड की धारा 25(2) (एच) अंतर्गत शोधन आवेदकों हेतु पात्रता उपलब्ध | रूचि की अभिव्यक्ति के विस्तृत आमंत्रण में पात्रता मापदंड निर्धारित है। |
| 9. | 29 ए धारा अंतर्गत अपात्रता लागू होने के मानक उपलब्ध | रूचि की अभिव्यक्ति के विस्तृत आमंत्रण में ये मानक दिए गए हैं। |
| 10. | रूचि की अभिव्यक्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि | 29 नवम्बर 2021 |
| 11. | इच्छुक शोधन आवेदकों की अस्थाई सूची जारी होने की तिथि | 7 दिसम्बर 2021 |
| 12. | अस्थाई सूची पर आपत्ति प्रस्तुति की अंतिम तिथि | 12 दिसम्बर 2021 |
| 13. | इच्छुक शोधन आवेदकों की अंतिम सूची जारी होने की तिथि | 22 दिसम्बर 2021 |
| 14. | इच्छुक शोधन आवेदकों को शोधन योजना हेतु सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स, एवं निवेदन जारी होने की तिथि | 12 दिसम्बर 2021 |
| 15. | शोधन योजना मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन एवं अन्य सूचना प्राप्त करने का ढंग | शोधन पेशेवर द्वारा इच्छुक के शोधन आवेदकों को जो रूचि की अभिव्यक्ति के विस्तृत आमंत्रण में दिए गए एवं दिवाला एवं दिवालियापन (निगमित व्यक्तियों हेतु दिवाला शोधन प्रक्रिया विनियमन, 2016 के विनियम 36 ए के अनुसार पात्र होंगे, उन्हे उपलब्ध कराया जाएगा) |
| 16. | शोधन योजना की प्रस्तुति की अंतिम तिथि | 11 जनवरी 2022 |
| 17. | शोधन पेशेवर के समक्ष शोधन योजना प्रस्तुति का ढंग | दिवाला एवं दिवालियापन (निगमित व्यक्तियों हेतु दिवाला शोधन प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियम 36 बी के अनुसार शोधन पेशेवर द्वारा शोधन योजना हेतु निवेदन में दिए विवरण के अनुसार जारी किया जाना है। |
| 18. | मान्यता हेतु निर्णायक अधिकारी के समक्ष शोधन योजना प्रस्तुति की अनुमानित तिथि | 25 फरवरी 2022 |
| 19. | शोधन पेशेवर का नाम व पंजीयन संख्या | श्री सुमीत बिनानी पंजी. सं.: IBBI/IPA-001/IP-N00005/ 2016-17/10025 |
| 20. | शोधन पेशेवर का नाम, पता व ईमेल जो बोर्ड में पंजीकृत है | श्री सुमीत बिनानी, पता-चौथा तल, कमरा सं. 6, कामर्स हाउस 2ए, गणेश चंद्र एवेन्यू कोलकाता-700013 ई मेल आईडी : sumit_binani@hotmail.com |
| 21. | शोधन पेशेवर से पत्राचार में प्रयुक्त होने वाला पता एवं इमेल | चौथातल, कमरा सं. 6, कामर्स हाउस 2ए, गणेश चंद्र एवेन्यू कोलकाता-700013 ई मेल आईडी : rp.kskmahanadi@ gmail.com |
| 22. | अन्य विवरण उपलब्ध | श्री सुमीत बिनानी ई मेल आईडी: rp.kskmahanadi@ gmail.com |
| 23. | फार्म जी के प्रकाशन की तिथि | 12 नवंबर 2021 |

* यह फॉर्म जी माननीय एनसीएलटी हैदराबाद के 1 अक्टूबर 2021 के आदेश के अनुसार जारी किया गया है।
* उपर्युक्त समय-सीमा सीओसी के विवेक पर आगे विस्तार/संशोधन के अधीन है, और आगे केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड की कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से समय के बहिष्करण के लिए माननीय एनसीएलएटी के समक्ष चल रही कार्यवाही के अधीन है।

सही/- सुमीत बिनानी
शोधन पेशेवर, कृते केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड
पंजीयन संख्या : IBBI/IPA-001/IP-N000025/2016-17/10025
पता: चतुर्थ तल, कमरा सं. 6, कामर्स हाउस 2ए, गणेश चंद्र एवेन्यू, कोलकाता-700013
Email: sumit_binani@hotmail.com

दिनांक : 11.11.2021
स्थान : कोलकाता

# महिला इंस्पेक्टर ने युवक को पहुंचाया अस्पताल



■ लेडी इंस्पेक्टर ने पेश की मानवता की मिसाल

**चेन्नई।** चेन्नई की लेडी सिंघम कही जाने वाली इंस्पेक्टर राजेश्वरी ने मानवता की एक मिशाल पेश की है, जो हर पुलिस वाले को प्रेरणा देगी।

इंस्पेक्टर ने चेन्नई के टीपी चतरम में एक कब्रिस्तान में बेहोश पड़े एक शख्स को बचाया, जिसके लिए चेन्नई के पुलिस आयुक्त ने भी उनकी प्रशंसा की है। बता दें कि चेन्नई में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति हो गई है। चेन्नई के पुलिस आयुक्त शंकर जिवाल ने कहा, 'राजेश्वरी जो इंस्पेक्टर हैं, वो हमेशा ही ऐसे काम करती हैं आज उन्होंने रास्ते पर पड़े एक बेहोश आदमी जिसे तुरंत मेडिकल सहायता की जरुरत थी। उसे राजेश्वरी ने अपने कंधों पर उठाकर उसकी सहायता की और उसे अस्पताल तक पहुंचाने का काम किया।' वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे इंस्पेक्टर ने उस शख्स को कंधे पर उठाकर गाड़ी में बैठाया। फिलहाल शख्स अस्पताल में है और रिकवरी कर रहा है। इंस्पेक्टर के इस कारनामे के चर्चे हर तरफ हो रहे हैं।

## इलेक्ट्रिक वाहनों से जुड़ी सभी जानकारी ई अमृत पर मिलेगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में चल रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक वेब पोर्टल लॉन्च किया है।

नीति आयोग ने कहा कि ई-अमृत वेबसाइट इलेक्ट्रिक वाहनों से जुड़ी सभी जानकारियां जैसे उनकी खरीद, निवेश के अवसरों, नीतियों और सब्सिडी के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन होगी। वेब पोर्टल इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से जुड़े मिथकों का भी पर्दाफाश करेगा। यह अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के फायदों पर उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए सरकार द्वारा की जा रही सभी पहलों का पूरक होगा।

## तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को रौंदा, 9 की मौके पर ही मौत

**करीमनगर।** असम के करीमगंज में बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें 3 नाबालिग भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि मृतक छठ पूजा करके लौट रहे थे। हादसा गुरुवार सुबह करीमगंज में नेशनल हाईवे 8 पर बैठाखाल में हुआ। करीमगंज असम-त्रिपुरा बॉर्डर पर स्थित जिला है। बताया जा रहा है कि मृतक छठ पूजा करके ऑटो रिक्शा से लौट रहे थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने ट्वीट किया, आज सुबह बैठाखाल पाथरखंडी में एक दुर्घटना में 9 व्यक्तियों की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त करता हूं। एक घायल अस्पताल में भर्ती है।

**पदोन्नति मामला**

# कोर्ट के जुर्माना लगाने के बाद एक्शन में सीआरपीएफ डीजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा 'सीआरपीएफ' डीजी कुलदीप सिंह पर 20 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाते ही बल प्रमुख एक्शन में आ गए हैं।

कुलदीप सिंह ने डिप्टी कमांडेंट रणजीत कुमार सिंह और बीस अन्य याचिकाकर्ताओं को उनके प्रतिवेदन का जवाब दे दिया है। डीजी का यह जवाब, बल के उन एग्जीक्यूटिव कैडर अफसरों के लिए एक झटका माना जा रहा है, जो लंबे समय से पदोन्नति में अपने साथ हो रहे भेदभाव को लेकर आवाज उठा रहे हैं।



### मेडिकल अफसर प्रमोशन बैज लगाते रहेंगे

जैसे ही मेडिकल अफसर को प्रमोशन मिलेगा। वह उसके मुताबिक अपने कंधे पर बैज रैंक लगा सकता है। एग्जीक्यूटिव कैडर के अधिकारी और मेडिकल अफसर, इन दोनों की भर्ती, सेवा शर्तें, कार्यक्षेत्र व पदोन्नति के नियम अलग हैं, इसलिए उस बात को नहीं माना जा सकता कि एक ही वर्ष में भर्ती हुए मेडिकल अफसरों को बैज रैंक लगाने की इजाजत उस वक्त तक नहीं दी जाएगी।

